बी.पी.एस.सी. 67वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन-1)
BPSC 67th Mains Exam
(General Studies-1)

SECTION—I

खण्ड—I

1. Discuss the factors responsible for the formation of the Indian National Congress. What were the British policies towards early nationalists? 38

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना के लिए उत्तरदायी कारकों का उल्लेख कीजिए। प्रारम्भिक राष्ट्रवादियों के प्रति ब्रिटिश नीतियों की चर्चा कीजिए।

2. Trace the course of expansion of Western and technical education in Bihar between 1857–1947. 38

1857–1947 के मध्य बिहार में पाश्चात्य एवं तकनीकी शिक्षा के विस्तार के क्रम को अनुरेखित कीजिए।

3. Critically analyze the factors responsible for the emergence of Gandhiji as an eminent nationalist leader. 38

एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नायक के रूप में गाँधीजी के उदय के लिए उत्तरदायी कारकों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

4. Write an essay on the Quit India Movement of 1942. Was it a spontaneous movement? 38

1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन पर एक निबन्ध लिखिए। क्या यह एक अनायास ही होने वाला आन्दोलन था?

5. Describe the chief characteristics of Mauryan art. 38

मौर्यकालीन कला की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

6. Write short notes on any *two* of the following : 19×2=38

(a) Santhal Uprising

(b) Champaran Satyagraha

(c) Rabindranath Tagore's Contribution to the Freedom Movement

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(क) संथाल विद्रोह

(ख) चम्पारण सत्याग्रह

(ग) रवीन्द्रनाथ टैगोर का स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान

SECTION—II

खण्ड—II

7. Discuss the origin, membership, development and objectives of 'QUAD'. What is its significance for India? 38

'क्वाड' की उत्पत्ति, सदस्यता, विकास एवं उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। भारत के लिए इसका क्या महत्त्व है?

8. 'Agnipath' is a path towards development or destruction? Comment. 38

'अग्निपथ' विकास अथवा विनाश की ओर पथ है? टिप्पणी कीजिए।

9. Discuss the concept of 'One Nation One Election' in Indian context and give your arguments for and against it. 38

भारतीय सन्दर्भ में, 'एक राष्ट्र एक निर्वाचन' की अवधारणा का वर्णन कीजिए तथा इसके पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क दीजिए।

10. What is the root cause of war between Russia and Ukraine? Discuss its impact upon the nations of the world with special reference to India. 38

रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध का मूल कारण क्या है? भारत के विशेष सन्दर्भ में विश्व के राष्ट्रों पर इसके प्रभाव का वर्णन कीजिए।

11. It is generally alleged that ruling party misuses the Constitutional Institutions for its vested interests. Do you agree with this view? Give arguments in support of your answer. 38

प्रायः यह आरोप लगाया जाता है कि सत्ताधारी दल अपने निहित स्वार्थों हेतु संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करता है। क्या आप इस मत से सहमत हैं? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

SECTION—III

खण्ड—III

(Statistical Analysis, Graphs and Diagrams)

(सांख्यिकी विश्लेषण, आरेखन और चित्रण)

12. Study the following table carefully and answer the questions given below :

Percentage marks obtained by seven students in six different subjects

Student	*Subject*					
	A	*B*	*C*	*D*	*E*	*F*
	(Out of 75)	*(Out of 150)*	*(Out of 100)*	*(Out of 50)*	*(Out of 150)*	*(Out of 75)*
P	85	68	76	92	89	82
Q	78	72	84	80	64	70
R	66	75	79	88	72	66
S	74	62	91	74	70	74
T	90	75	67	68	69	78
V	86	80	69	78	82	80
W	82	68	81	85	76	72

(a) Find the total percentage marks secured by R in all the six subjects together.

(b) Find the difference between the marks obtained by P in the subjects B, D and E together and the marks obtained by T in the same subjects.

(c) Find the average marks obtained by all the students in the subject B.

(d) Find the average percent of marks obtained by all the students in the subjects C and D together.

(e) What is the total marks obtained by all the students in subject F?

6+10+6+10+4=36

निम्न सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

सात छात्रों द्वारा छः भिन्न विषयों में प्राप्त अंकों का प्रतिशत

छात्र	विषय					
	A	*B*	*C*	*D*	*E*	*F*
	(75 में से)	*(150 में से)*	*(100 में से)*	*(50 में से)*	*(150 में से)*	*(75 में से)*
P	85	68	76	92	89	82
Q	78	72	84	80	64	70
R	66	75	79	88	72	66
S	74	62	91	74	70	74
T	90	75	67	68	69	78
V	86	80	69	78	82	80
W	82	68	81	85	76	72

(क) R द्वारा प्राप्त सभी छः विषयों का एक-साथ कुल अंक प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

(ख) विषय B, D व E में एक-साथ P द्वारा प्राप्त अंकों का और उन्हीं विषयों में T द्वारा प्राप्त अंकों का अंतर ज्ञात कीजिए।


(ग) विषय B में सभी छात्रों द्वारा प्राप्त औसत अंक ज्ञात कीजिए।

(घ) सभी छात्रों द्वारा विषय C व D में एक-साथ प्राप्त अंकों का औसत प्रतिशत ज्ञात कीजिए।


(ङ) सभी छात्रों द्वारा विषय F में प्राप्त कुल अंक ज्ञात कीजिए।

13. Study the following pie-charts carefully and answer the questions given below :

Sales of toasters



Market share in 2013–2014



(a) Assuming that Videocon has maintained its market share at the same level from 2010–2011, what is the total number of toasters sold by Videocon in these four years?

(b) If in 2012–2013 the market share of BPL was 7%, then what is the change in the number of toasters sold by BPL from 2012–2013 to 2013–2014?


(c) If Maharaja is one of the companies included in 'others' and its sale constitutes 40% of 'others', then how many toasters of Maharaja were sold in 2013–2014?

(d) Assuming that the number of toasters sold increases at the same rate in 2014–2015 as it did from 2012–2013 to 2013–2014, and assuming further that TVS maintains its market share, what will be the number of units sold by TVS in 2014–2015?


(e) If in 2013–2014 IFB sold 7000 more units and effected the market share of other companies, then what would be its market share (in %)? 4+8+6+8+10=36

नीचे दिए गए वृत्तचित्रों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

टोस्टर की बिक्री



2013–2014 में बाज़ार में हिस्सेदारी



(क) यह मानते हुए कि वीडियोकॉन ने 2010–2011 से अपनी बाज़ार हिस्सेदारी उसी स्तर पर बनाए रखी है, वीडियोकॉन द्वारा इन चार सालों में बेचे गए टोस्टरों की कुल संख्या क्या है?

(ख) यदि 2012–2013 में BPL की बाज़ार हिस्सेदारी 7% थी, तो 2012–2013 से 2013–2014 तक BPL द्वारा बेचे जाने वाले टोस्टरों की संख्या में कितना परिवर्तन होता है?


(ग) यदि 'अन्य' में शामिल कम्पनियों में से 'महाराजा' भी एक है और इसकी बिक्री 'अन्य' का 40% योगदान करती है, तो 2013–2014 में 'महाराजा' के कितने टोस्टर बेचे गए?

(घ) यह मानते हुए कि बेचे गए टोस्टरों की संख्या 2014–2015 में उसी दर से बढ़ती है जैसे उसकी 2012–2013 से 2013–2014 तक की थी, और साथ ही यह भी मानते हुए कि TVS ने अपनी बाज़ार हिस्सेदारी बनाए रखी है, तो 2014–2015 में TVS द्वारा बेची गई इकाइयों की संख्या क्या होगी?

(ङ) यदि 2013–2014 में IFB ने 7000 ज्यादा इकाइयाँ बेचीं और अन्य कम्पनियों की बाज़ार हिस्सेदारी को प्रभावित किया, तो इसका बाज़ार हिस्सा (% में) क्या होगा?

14. Study the following graph carefully and answer the questions given below :

Target and actual production of bolts (in '000) *in a factory*



(a) What is the percentage change in the targeted production from 2004–2005 to 2005–2006?

(b) In which period was the percentage of actual production with respect to target production the highest?


(c) What is the ratio of the number of years in which the actual production was above the average actual production to the number of years in which the actual production was below the average actual production?

(d) Find the ratio of the sum of targeted production for the years 2002–2003, 2005–2006 and 2006–2007 to the sum of the actual production for these years.

(e) Find the difference between targeted production and actual production for the years 2002–2003 and 2005–2006 taken together. 6+8+8+8+6=36

निम्न ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

किसी कारखाने में बोल्ट का लक्ष्य और वास्तविक उत्पादन ('000 में)



(क) 2004–2005 से 2005–2006 में लक्षित उत्पादन में कितने प्रतिशत परिवर्तन हुआ है?

(ख) लक्ष्य उत्पादन के संबंध में वास्तविक उत्पादन का प्रतिशत किस अवधि में उच्चतम था?


(ग) उन वर्षों की संख्या, जिनमें वास्तविक उत्पादन औसत वास्तविक उत्पादन से अधिक था, और उन वर्षों की संख्या, जिनमें वास्तविक उत्पादन औसत वास्तविक उत्पादन से कम था, का अनुपात क्या है?


(घ) वर्ष 2002–2003, 2005–2006 और 2006–2007 के लिए लक्षित उत्पादन के योग का अनुपात इन वर्षों के वास्तविक उत्पादन के योग से निकालिए।

(ङ) वर्ष 2002–2003 और 2005–2006 को मिलाकर लक्षित उत्पादन और वास्तविक उत्पादन के बीच का अंतर निकालिए।

15. The following bar graphs show the Per Capita Income and National Income of a country for the given years. Refer to the bar graphs to answer the questions that follow :

Per Capita Income (in ₹)





(a) What is the growth percentage in 'Per Capita Income' from 1951 to 1991?

(b) What is the annual growth rate of 'Per Capita Income' from 1961 to 1971 (assuming that the growth was uniform throughout)?

(c) Find the country's population during 1981.


(d) What was the growth rate in population during the decade 1981–1991?

(e) By how much percent the 'National Income' grew from 1951 to 1991?


6+8+8+8+6=36

दिए गए वर्षों के लिए किसी राष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय और राष्ट्रीय आय निम्न दंड आरेखों द्वारा दर्शाई गई हैं। दंड आरेखों का संदर्भ लेते हुए नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रति व्यक्ति आय (₹ में)



राष्ट्रीय आय (₹ '00 करोड़ में)



(क) 1951 से 1991 तक 'प्रति व्यक्ति आय' में वृद्धि प्रतिशत कितना है?

(ख) 1961 से 1971 तक 'प्रति व्यक्ति आय' में वार्षिक वृद्धि दर कितनी है (यह मानते हुए कि शुरू से अन्त तक वृद्धि एक-समान थी)?

(ग) 1981 के दौरान राष्ट्र की जनसंख्या ज्ञात कीजिए।

(घ) दशक 1981–1991 के दौरान जनसंख्या में वृद्धि दर कितनी थी?

(ङ) 1951 से 1991 तक 'राष्ट्रीय आय' में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?